सार-समाचार

भैरवलाल काला बादल जयंती आज

कोटा, (निसं)। स्वतंत्रता सेनानी भैरव लाल काला बादल की जयंती सोमवार को जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर में मनाई जाएगी। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आरडी मीणा ने बताया। अखिल भारतीय श्री मीणा सामाजिक शैक्षणिक समिति की और से हर साल की भांति साल भी स्वतंत्रता सेनानी काला बादल की जयंती के मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसमें उनके जीवन संघर्ष, आदर्श और विचार से युवाओं को मार्गदर्शन मिलेगा साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में सघन वृक्षारोपण एवं प्रोत्साहन प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। सोमवार 11.00 बजे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं और प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा शामिल होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष, विधायक लक्ष्मण मीणा करेंगे विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक गण एवं प्रशासनिक अधिकारी समिति के पदाधिकारी सदस्य एवं समाजबंधु बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

शोभायात्रा का आयोजन

कोटा, (निसं)। पोकरा महाजन समाज के उत्पत्ति दिवस पोकरा पंचमी के अवसर कोटा समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन धोकड़े के हनुमान जी से शुरू होकर भीतरिया कुंड स्थिति महादेव मंदिर पर अभिषेक कर सपन्न होंगी कार्यक्रम मे 31 भगवान श्रीनाथजी की झांकी एवं भजन 2 महिला मंडल की भजन मंडली रहेगी कार्यक्रम मे पीसीसी पंकज मेहता कांगेस महिला प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम, ब्रजेश शर्मा नीटू भाजपा पार्षद सुनील गौतम रामबाबू सोनी, विशाल जोशी दिनेश विजय जिला अध्यक्ष वैश्य समाज, प्रदेश सयोंजक गोबिंद नारायण जी का मार्गदर्शन रहेगा।

घर-घर जाकर खाली करवाये कूलर

कोटा, (निसं)। शहर में डेंगू से बचाव के लिए नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी नगर निगम कोटा दक्षिण की अगुवाई में इंद्रा विहार विकास सोसायटी व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य के केंद्र तलवंडी के साथ एक उम्मीद सेवा संस्थान की टीम ने संयुक्त रूप से घर-घर जाकर आमजन से समझाईश कर कुलरों को खाली करवाया। आमजन से अपील की है कि स्वयं ही घरों के कूलर, परिंडों, गमलों की ट्रे, फ्रीज़ की ट्रे, छत के कबाड़ को साफ़ कर लेवें तथा बुखार होने पर चिकित्सक की सलाह लें। सरकार पर ज्यादा आश्रित नही रहे स्वयं जागरूक बने। घर में अपने बच्चों को भी सिखाएं कि घर में अनावश्यक पानी एकत्रित नही होने दें। इस कार्य में पार्षद योगेश आहलूवालिया, अध्य्क्ष छुट्टन लाल, अशोक लड्ढा, गजेंद्र खंडेलवाल, हेल्थ मैनेजर ईश्वर श्रृंगी, डॉ रियाज़ ने सहयोग किया।

स्वास्थ्य योजनाओं की दी जानकारी

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा के सयुंक्त तत्वाधान में रविवार को नयापुरा स्थित लाड़पुरा पंचायत समिति कार्यालय में मेगा विधिक चेतना शिविर का आयोजन हुआ। इसमें चिकित्सा विभाग सीएमएचओ कार्यालय की ओर जागरूकता स्टाल लगाई गई। बेनर, पोस्टर, पेम्पलेट वितरण से स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया। डॉ संतोष नागर, डीपीसी आयुष चित्तौड़ा, जिला आईईसी कॉर्डिनेटर सरफराज खान ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना, राजश्री, खाद्य सुरक्षा, मिशन इंद्रधनुष अभियान, कृमि मुक्ति दिवस, मौसमी बीमारियों से बचाव, एनसीडी कार्यक्रम आदि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एलए सरफराज आलम एवं एएनएम सुनीता गोचर ने शिविर में आए लोगों की मदुमेह जांच नि:शुल्क की।

डॉ.सुरेश पाण्डेय को किया सम्मानित

कोटा, (निसं)। आई.एम.ए. राजस्थान कनवेन्शन 2023 का आयोजन एकेडमिक ऑडिटोरियम एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज जयपुर में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश पाण्डेय, निदेशक सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान डॉ. सुरेश पाण्डेय को उनके द्वारा मेडिकल विद्यार्थियों के लिऐं अनेकों पुस्तकें लिखने एवं नेत्र चिकित्सा जगत में उल्लेखनीय कार्यों हेतु सौपा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.सी.पी.जोशी स्पीकर राजस्थान असेम्बली और विशिष्ठ अतिथि डॉ. जितेन्द्र सिंह, डॉ.करण सिंह यादव थे। विधानसभा अध्यक्ष जोशी ने डॉ.पाण्डेय को सर्टीफिकेट सौपा। डॉ. सुरेश पाण्डेय ने राजस्थान स्पीकर सीपी जोशी को भी अपनी पुस्तक एक आई सर्जन की डायरी भेट की, सीपी जोशी ने डॉ.पांडेय की 300 से अधिक पृष्ठों की पुस्तक लिखने पर प्रशंसा की। कार्यक्रम में राजस्थान से कई चिकित्सक उपस्थित थे जिनमें आई.एम.ए.के पदाधिकारी डॉ. शारदा, डॉ.पी.सी. गर्ग, डॉ.सुनील चुघ भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजस्थान से कई डॉक्टरों को सम्मानित किया गया।

चिकित्सा शिविर में 100 लोग हुए लाभान्वित

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद की मां पन्नाधाय शाखा ने रविवार को रंगबाड़ी में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शाखा अध्यक्ष कविता शर्मा ने बताया कि शिविर में 100 लोग लाभान्वित हुए। शिविर में प्रात 10 से 02 बजे तक चला। वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ.राहुल गर्ग तथा नेत्र सहायक दीपेश शर्मा ने शिविर में अपनी सेवाएं दी। शिविर मे रंगबाडी क्षेत्र के महिला-पुरुष व बच्चे शामिल हुए। शिविर में 50 बच्चों को चश्मा व 2 महिलाओं को मोतियाबिंद ऑपरेशन की सलाह दी गई। शिविर में मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक रहे। उन्होंने नेत्र चिकित्सा शिविर में ऑपरेशन के लिए चयनित महिलाओं को भारत विकास परिषद से निशुल्क ऑपरेशन करवाने की बात कही। इस अवसर पर प्रांतीय सहसचिव जोली गोयल तथा प्रांतिय नेत्र चिकित्सा प्रभारी पीके शर्मा, समाजसेवी केपी गर्ग, चिकित्सा प्रभारी शकुंतला माहेश्वरी तथा रानू दाधीच, इंदिरा गर्ग अक्षय वैष्णव आदि लोक उपस्थित रहे। शाखा सचिव प्रीति भटनागर ने बताया कि ने बताया कि जरूरतमंद 50 विद्यार्थियों को निशुल्क चश्मे मां पन्नाधाय शाखा ने भेंट किऐं।

जिला स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलंपिक का समापन

बूंदी, (निसं)। राज्य बजट घोषणा अन्तर्गत जिले में आयोजित हुई तीन दिवसीय राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलंपिक की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं का समापन समारोह रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन खिलाडियों का उत्साह अपने चरम पर था। इस दौरान आयोजित स्पर्धाओं में खिलाडियों ने अपने दमखम का जोरदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। समापन समारोह में उपखण्ड अधिकारी (आईएएस) सोहन लाल, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओपी गोस्वामी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सतीश जोशी, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भैरू प्रकाश नागर, जगरूप रंधावा ने शिरकत की।समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए उपखण्ड अधिकारी सोहन लाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप आयोजित किए गए राजीव गांधी ठाामीण व शहरी ओलंपिक खेलों के

जिला स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलंपिक-2023 कासमापन हुआ।

दौरान शहरी और ठाामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को राज्य सरकार द्वारा प्रतिभा प्रदर्शन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खेलों के क्षेत्रों में उंचा मुकाम हासिल करने की बधाई भी दी। जिला खेल अधिकारी वाईबी सिंह ने बताया कि तीन दिन आयोजित जिला स्तरीय स्पर्धाओं में बूंदी, के.पाटन, नैनवां, तालेड़ा एवं हिण्डोली ब्लॉकों एवं नगर निकायों कापरेन, इन्द्रगढ, लाखेरी, नैनवां, बूंदी एव के.पाटन (महिला/पुरूष) की टीमों के 1293 खिलाडियों ने लिया। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों ने कबड्डी (महिला/पुरुष), वालीबॉल (महिला/ पुरुष), टेनिस बॉल क्रिकेट (महिला/ पुरुष), फुटबॉल (महिला/पुरुष), शूटिंग बॉल (पुरुष), खो-खो (महिला), रस्साकशी (महिला), बास्केटबॉल (महिला/पुरुष) एवं एथलेटिक्स (महिला/पुरुष) 100 मी., 200 मी. एवं 400 मी. के खेलों अपना सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन किया।

स्टूडेंटों के चेहर पर मुस्कान बढ़ा रहा स्माइलिंग कोटा केम्पेन

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार की गाईड लाईन की पालना में कोचिंग स्टूडेंटों को परिवार जैसा खुशनुमा माहौल देने के लिए चंबल हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा स्माइलिंग कोटा केम्पेन का आगाज किया गया जिसके तहत बच्चें के चहरे पर मुस्कान बढ़ाने के लिए कई आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत रविवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन सम्यक चौराहा लैंडमार्क सिटी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक माहेश्वरी, दीपक राजवंशी, वरुण चौधरी रहे। पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा, सचिव अशोक लड्ढा ने बताया कि पंडित वेणी प्रसाद गौतम, कुमार गौरव विकास द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का का आयोजन रविवार को किया गया जिसमें सैकडों बच्चे भगवान की भक्ति में लीन नजर आए।

कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए

कोटा, (निसं)। सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म कोटा की मीटिंग का आयोजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी आईटी सेल सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म की मीटिंग कांग्रेस कार्यालय गुमानपुरा में जिला अध्यक्ष राजकुमार बोयत के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सोशल मीडिया के माध्यम से मजबूत करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में नवनियुक्त प्रदेश महासचिव अभिन्न शर्मा, प्रिंस बाबा एवं प्रदेश सचिव नितेश खंडेलवाल का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव अभिन्न शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से राजस्थान सरकार की जन-उपयोगी योजनाओं को प्रदेश के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने का आव्हान किया वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के पर जोर दिया प्रदेश महासचिव प्रिंस बाबा ने भारतीय जनता पार्टी के झूठ का पर्दाफाश करने व जनता को सच दिखाने के लिए सोशल मीडिया पर सभी साथियों को एक्टिव रहने की अपील कि वह सभी साथियों को ज्यादा से ज्यादा सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में मजबूत करने के लिए आव्हान किया। प्रदेश सचिव नितेश खंडेलवाल ने सभी साथियों को मीडिया पर एकजुट होकर विपक्ष के खिलाफ आवाज उठाने एवं जवाब देने और सोशल मीडिया को मजबूत करने पर जोड़ दिया वह साथ ही जमीन से जुड़े बूथ लेवल के कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश स्तर तक सोशल मीडिया टीम को मजबूत बनाने विशेष जो दिया। जिलाध्यक्ष राजकुमार बोयत ने कार्यक्रम उपस्थित पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से आने वाले समय में अधिक से अधिक कांग्रेस के पक्ष में प्रचार एवं सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के जोर दिया वह कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम मुख्य रूप से पार्षद सलीना शैरी ने कांग्रेस आईटी सैल के एक्टिविस्टों सोशल मीडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिऐं मीडिया एवं कम्युनिकेशन कमेटी में सभी जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया से जुड़े पदाधिकारी आईटी सेल से जुड़े पदाधिकारी एवं जिला-वक्ताओं को भाजपा के मुकाबले पार्टी का मजबूत पक्ष रखने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस बैठक में गगन मेवाड़ा, हिमांशु जैन, तन्मय सोरल, विजय मीणा, पंकज यादव, रेहाना खान, शिवराज गोचर, गोलू तिवारी, कृष्ण सिगोर राजेश वर्मा , महेश रेगर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पराक्रम कार्यकर्ता सम्मेलन कल

कोटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी का पराक्रम सम्मेलन 5 सितम्बर को सेठ भामाशाह कृषि उपज मण्डी के प्रांगण में आयोजित होगा जिसमें पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत की अगुवाई में हजारों भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

सम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए राजावत ने कहा कि राजस्थान के हालात भयावह होते जा रहे हैं मणिपुर की तरह कल प्रतापगढ़ में एक महिला को निर्वस्त्र कर घुमाया गया, भीलवाड़ा में एक मासूम बालिका की गैंगरेप के बाद हत्या कर शव को भट्टी में झौंक दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इतने बौखला गए हैं कि परसों न्यायपालिका पर आरोप लगाने लगे कि वकील जो लिख देते हैं वहीं जज फैसला दे देते हैं, वास्तविकता में हालात यह है कि उनके राज में पूरा राजस्थान जल रहा है और वे मुफ्त की रेवड़ियां बांटकर वोट हासिल करना चाहते हैं लेकिन आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जायेगा और भाजपा प्रचण्ड बहुमत से सत्ता सम्भालेगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के आने की प्रबल सम्भावना है, वहीं प्रमुख

कोटा में पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

संत महात्मा भी कार्यक्रम में मंचासीन होकर राजावत को आशीष प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम को लेकर लाड़पुरा के कार्यकर्ताओं में अत्यधिक उत्साह और उमंग है और कार्यक्रम के लिए लगाया गया 20 हजार की क्षमता का पाण्डाल छोटा पड़ेगा, इससे अधिक संख्या में कार्यकर्ता उमड़ेंगे, इस हेतु प्रमुख कार्यकर्ताओं को व्यवस्था संबंधी जिम्मेदारिया दे दी गई हैं। तैयारी सभा को मण्डल अध्यक्ष हुकमचन्द शर्मा, नेमीचंद नागर, राजकुमार नन्दवाना, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह चौहान, जिला महामंत्री जयराज सिंह, सरपंच संजीत गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य सोनू नागर, पूर्व सरपंच बीरम यादव, सत्यनारायण ढोली, सत्यनारायण नागर, पूर्व भामाशाह मण्डी डायरेक्टर गोपेश मालव, कोटा स्टोन एसोसियेशन के अध्यक्ष सुरेश मित्तल, एससी मोर्चा के पंकज घेंघट, पूर्व पार्षद भगवान गौतम, मधुकंवर हाड़ा, पूर्व जिला मंत्री रघुराज सिंह जादौन, अभिषेक मीणा आदि ने भी सम्बोधित किया। सभा का संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष जगदीश हाड़ा ने किया।

सार-समाचार

आर्य समाज ने किया शिक्षकों का सम्मान

कोटा, (निसं)। आर्य समाज रावतभाटा में रविवार को आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्य उप प्रतिनिधि सभा के प्रधान अर्जुन देव चड्ढा ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्रक, मोतियों की माला से वेद मंत्रों के साथ मंगल कामना करते हुए सम्मानित किया। अर्जुन देव चड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है। वही एक शिक्षक डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, कलक्टर, नेता, शिक्षक आदि सब तैयार करता है, जिससे सभ्य समाज का निर्माण होता है। शिक्षक की शिक्षा से ही राष्ट्र में समृद्धि, अनुशासन, संस्कार, शांति, प्रेम देशभक्ति, सद्भावना, सहयोग, दया, करुणा जैसे मानवीय गुणों का विकास होता है। वह बच्चों को उसी प्रकार तैयार करता है जैसे कुम्हार गीली मिट्टी से कयी तरह के बरतन गढ़ता है। जीवन का निर्माण शिक्षक के हाथों में होता है। मुख्य अतिथि अर्जुन देव चड्ढा ने निम्न शिक्षक-शिक्षिकाओं को शॉल ओढ़ाकर मोतियों की माला पहनाकर, प्रमाण पत्र देकर, साफा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया-शीला देवी, हेमंत गर्ग, जगदीश प्रसाद चौधरी, विनोद कुमार त्यागी, ओम प्रकाश आर्य, उपमा त्यागी, जी पी शर्मा, जितेन्द्र कुमार जांगिड, बजरंग लाल सुथार, भगवत किशोर, सुमन गुप्ता, विनोद सिंह कुशवाहा। कार्यक्रम के संयोजक एवं मंत्री ओम प्रकाश आर्य ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि बच्चों का भविष्य शिक्षक ही संवारता है। वह राष्ट्र का निर्माण करता है। आर्य समाज रावतभाटा के प्रधान विनोद कुमार त्यागी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और मुख्य अतिथि चड्ढा को शाल ओढाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया। आर्य उप प्रतिनिधि सभा के वरिष्ठ मंत्री एडवोकेट चंद्रमोहन कुशवाहा, आर्य पुरोहित श्योराज वशिष्ठ उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजस्थान आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री जीववर्धन शास्त्री ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माण करता है।

सम्मान समारोह आयोजित

कोटा, (निसं)। गीता परिवार द्वारा संपूर्ण देश में आयोजित 75 करोड़ सूर्य नमस्कार एवं योग सोपान कार्यक्रम में कोटा के भी अनेक विद्यालयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसका समापन एवं सम्मान समारोह रविवार को रिलायबल इंस्टीट्यूट के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। कोटा जेल अधीक्षक परमजीत सिंह सिद्धू कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश-वंदना से हुआ जिसमें बरखा जोशी की टीम ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति दी। गीता परिवार कोटा की अध्यक्ष नीना मरचूनिया ने अतिथियों का स्वागत किया गया। जबकि गीता परिवार के संरक्षक दामोदर मारू ने संस्था का परिचय एवं वर्तमान में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। डीडीपीएस के बच्चों द्वारा गीता के 12वें अध्याय का सस्वर पठन किया गया। बाल शिविर के बालकों द्वारा ओजस्वी देशभक्ति गीत की प्रस्तुति भी दी गई। संस्था सचिव मनीषा गांधी ने योग प्रकल्प के बारे में बताया। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों द्वारा योगासनों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एलन के निदेशक डॉ. गोविंद माहेश्वरी ने गीता परिवार एवं विद्यालयों के सामंजस्य से संस्कार कार्य को कैसे आगे बढ़ाया जाऐं, इस पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि कोटा जेल अधीक्षक परमजीत सिंह सिद्धू ने गीता परिवार की विभिन्न गतिविधियों की सराहना करते हुए हाल ही में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य निर्मला मारू द्वारा जेल में कैदियों के लिए आयोजित गीता कक्षा की चर्चा की और भविष्य में भी कैदियों के लिए ऐसे किसी भी कार्य के लिऐं जेल प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। विभिन्न विद्यालयों से आये प्रधानाचार्य एवं योग प्रशिक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था के पूर्व अध्यक्ष अरूण तुलसियान ने सभी का आभार प्रगट किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से किया गया।

बकाया राशि दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

कोटा, (निसं)। संजयगांधी नगर में हनुमानजी के मंदिर में लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा के सांसद ओम बिरला से जे.के. उद्योग समूह के छंटनी और तालाबंदी से पीड़ित जे.के. श्रमिकों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला एवं उन्हें एक ज्ञापन सौंप कर, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश द्वारा मिल रहे 1/3 वेतन को रोक दिए जाने एवं श्रमिकों की न्यायोचित बकाया राशि का प्रबंधकों द्वारा गैर-कानूनी तरीके से भुगतान न किये जाने के विरुद्ध सरकार द्वारा कार्यवाही किये जाने की मांग की। जे.के.सिंथेटिक्स एम्प्लाइज युनियन (ए.आई.सी.टी.यू.) के प्रतिनिधिमंडल में शामिल श्रमिक प्रतिनिधियों देवराज सिंह, मोहन गोचर, सत्यनारायण बैरागी, भानाराम, गोपाल मालव आदि ने विगत दिनों भारत के सर्वोच्च न्यालय के एक महत्वपूर्ण फैसले की प्रति सांसद बिरला को सौंपते हुए निवेदन किया कि सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों ने अपने फैसले में श्रमिक संगठनों को सलाह दी है कि वे अपनी बकाया राशि का भुगतान कराने के लिए विभिन्न न्यायालयों के साथ साथ सरकारों से भी पीड़ित श्रमिकों के पक्ष में हस्तक्षेप और सहयोग करने के लिए मिलें तथा अपनी समस्याओं से अवगत कराएँ। सांसद बिरला ने श्रमिकों के साथ सहानुभूति व्यक्त करते हुए उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की बैठक

कोटा, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राजस्थान के समस्त जिलों में 31 अगस्त 2023 को सदस्यता अभियान के समाप्ति उपरांत जिला बैठक रखना तय किया था। इसी क्रम में कोटा जिले में भी जिला संयोजक नवल किशोर शर्मा की अध्यक्षता में जिला बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कोटा जिले के निर्वाचन अधिकारी संपत सिंह रहे। निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी उपशाखा की खाली भरी सदस्यता पंजीकाए एवं पांच प्रति में सूचियां तथा बैंक ड्राफ्ट प्राप्त किए गऐं। बैठक को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कहा गया कि संपूर्ण जिले में सभी उप शाखों के निर्वाचन निष्पक्ष रूप से संपन्न होगे। साथ ही संगठन के निर्वाचन कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला और संगठन के रीति- निति से अवगत कराया। संबोधन में संभाग संगठन मंत्री दिनेश कुमार स्वर्णकार द्वारा संगठन के कार्यशैली से अवगत कराया एवं संभाग संगठन मंत्री महिला गिरिजा सुमन द्वारा आगामी 10 सितंबर 2023 को होने वाली महिला समूह की बैठक तिरुपति बालाजी मोजी बाबा की गुफा के पास पर विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही विभाग संगठन मंत्री रास बिहारी यादव द्वारा आगामी माह में होने वाले जिला शैक्षिक अधिवेशन की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई।

पौधारोपण कर आमजन को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रामगंजमंडी(निसं)।राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन तथा तालुका विधिक सेवा समिति रामगंजमंडी के तत्वाधान में रविवार 03 सितम्बर को पंचायत समिति खैराबाद परिसर में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मुकेश आर्य द्वारा नालसा मोड्यूल मेगा विधिक चेतना एवं लोक कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सुमन मीणा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

- **नालसा मोड्यूल मेगा विधिक चेतना एवं लोक कल्याणकारी शिविर का हुआ आयोजन**

पौधारोपण कर आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

रामगंजमंडी भानु श्रंगी सुश्री जीनत अमान अधिवक्ता धीरज गुप्ता चंदन गुप्ता अधिवक्तागण एवं पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।शिविर में आर्य द्वारा रामगंजमंडी क्षेत्र के उपस्थित पुलिस अधिकारीगण को अरनेश कुमार बनाम बिहार राज्य में प्रतिपादित सिद्धांत के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं बताया कि 7 वर्ष तक के सजा के मामलों में गिरफ्तारी आवश्यक नहीं है। साथ ही उनके द्वारा आगामी 9 सितंबर को आने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके बाद उक्त शिविर के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना विधवा पेंशन योजना सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को पेंशन/आवास स्वीकृति पत्र दिए गए।कोमल पुत्री वकील एवं हगामी पत्नी रामलाल निवासीगण काल्याखेडी को व्हीलचेयर वितरित की गई।

चाचा ने भतीजे के साथ अनजान के लिए डोनेट की एसडीपी

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता द्वारा लगातार एसडीपी उपलब्ध कराई जा रही है और डेंगू मरीजों को परेशानी से बचाया जा रहा है। शहर में बन रहे माहौल को देखकर अब आमजन परिवार सहित भी मदद के कारवा को आगे बढ़ा रहे है। लायंस क्लब के ब्लड डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन व टीम जीवनदाता के संयोजक व संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीज विनय गुप्ता (तुलसा वाले) की प्लेटलेट्स काउंट 15 हजार के करीब रह गई थी, ऐसे में चिकित्सकों ने कंडीशन को सीरियस बताते हुए एसडीपी डोनेशन के लिऐं कहा। उसके बाद प्रयास किया तो पहले से ही शहर में एसडीपी डोनेशन को लेकर समस्याएं आ रही है, अटेंडर हेमेंद्र गुप्ता और जनार्दन गुप्ता ने टीम जीवनदाता के भुवनेश गुप्ता से संपर्क किया। ऐसे में टीम जीवन दाता के सदस्य वर्धमान जैन ने तलवंडी अपना ब्लड बैंक पहुंचकर एसडीपी डोनेट की। उसी समय ब्लड बैंक में भारत विकास परिषद में भर्ती रविंद्र मालव रोगी के तीमारदार आए और बी पॉजिटिव एसडीपी के लिए अनुरोध किया।

स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल ने की जनसुनवाई

कोटा में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने अपने निवास पर जनसुनवाई की।

कोटा, (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा प्रवास के दौरान रविवार को सिविल लाईन आवास पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई में पहुंचे लोगों से उन्होंने बारी-बारी से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को भी सुनकर समाधान के लिए आश्वस्त किया वहीं जनसुनवाई के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी मंत्री धारीवाल का स्वागत कर उनसे मुलाकात की। जनसुनवाई के बाद यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने नगर विकास न्यास के अधिकारियों के साथ बैठक कर चंबल रिवर फ्रंट ऑक्सीज़ोन के प्रस्तावित भव्य उद्घाटन समारोह की तैयारी को लेकर समीक्षा की और विशेष निर्देश दिए बैठक के दौरान न्यास ओएसडीआरडी मीणा सचिव राज्य जोशी, मुख्य अभियंता ओपी वर्मा सहित न्यास अधिकारी उपस्थित रहे।